Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to take steps for release of crew members abducted by Nigerian sea pirates.

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, धन्यवाद । मेरे लोक सभा क्षेत्र के रायपुर निवासी मर्चेंट नेवी इंजीनियर विजय तिवारी एवं उनकी पत्नी अंजू तिवारी को नाइजीरियाई समुद्री लुटेरों द्वारा जहाज से अपहरण कर लिया गया है । रायपुर निवासी तिवारी दम्पत्ति नेव कन्सटेलेशन के 19 क्रू मैम्बर्स का हिस्सा थे । प्राप्त जानकारी के अनुसार शिप नेव कन्स्टेलेशन 19 क्रू मैम्बर्स को भारतीय समयानुसार मंगलवार की रात 11.30 बजे अपहृत किया गया है । शिप कंपनी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि उनको छुड़वाने के लिए मदद करने की कृपा करें । धन्यवाद ।